## खबर संक्षेप

### किस्त भरने के नाम पर ठगी, तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। निखिल निवासी बल्लभगढ ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 8 सितम्बर को उसके पास एक फोन आया जिसने उसे बताया कि उसके लोन की किस्त ऑटो डेबिट नहीं हो रही है, जिसके कारण उसका खाता फ्रिज हो गया है। लोन की किस्त भरने के लिये ठगों ने उसे एक अंकाउट नम्बर दिया जिसमें उसने 36,889 रुपये भेजे। जिसके बाद ठगों ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। जिस शिकायत पर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### हत्या में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने काबू कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। अमित कुमार निवासी छरपा बिहार हाल मिर्जापुर फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका मामा बेचैन सिंह (मृतक), आरएमसी प्लांट मिर्जापुर प्लांट पर काम करता था। जब उसके मामा ने प्लांट मालिक से बकाया सैलरी देने को कहा तो पूरी सैलरी नहीं दी, जिस पर उसके मामा की प्लांट मालिक के साथ कहासुनी हो गई।

**भिवानी में वारदात से हड़कंप : बदमाश बोले- सुविधा शुल्क तो देना पड़ेगा**

# हफ्ता न देने पर व्यापारी नेता के बेटे को पीटा, दुकान में घुसकर लठ बरसाए

**घटना सीसीटीवी में कैद, बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की मांग**





**भिवानी।** आरोपियों की पिटाई से घायल अस्पताल में उपचाराधीन जतिन। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी में नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष के बेटे से हफ्ता मांगने व ना देने पर दुकान में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें आरोपी लाठी-डंडों से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। भिवानी के कृपा राम की गली निवासी जतिन ने बताया कि उन्होंने हालु बाजार में पाला राम हलवाई के नाम से दुकान की हुई है। रविवार रात को वह हालु बाजार के चौक पर मक्का खाने गया था। वहां कुछ लड़के खड़े थे। उन्होंने पैसों की डिमांड की। उन्होंने पहले पूछा कि क्या किया हुआ है, तो जतिन ने कहा कि उसने दुकान की हुई है। इसके बाद आरोपियों ने कहा खर्चा देना पड़ेगा।

### दो आरोपियों को राउंडअप कर लिया गया

यह घटना रविवार शाम को हुई थी। मार्केट में जो वारदात हुई थी, उस मामले में पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं दोषियों की शिनाख्त हो गई है। 2 को राउंडअप कर लिया गया है। वहीं मामले की छानबीन की जा रही है। जो भी गलत काम करेगा और जो कानून को हाथ में लेगा, उसको जेल जाना पड़ेगा।
-सुमित कुमार, एसपी

### आरोपियों के साथ न तो कोई पुरानी रंजिश और न जानता: जतिन

जतिन बोला मना करने पर दूसरा लड़का आया और गाली-गलौज किया। उसने हाथापाई स्टार्ट की। इसके बाद आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। इसके बाद वह अपनी दुकान पर आ गया। कुछ समय बाद तीन-चार लड़के उनकी दुकान पर आए। उसके साथ लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वहीं लाठी-डंडां से हमला कर दिया। जिसके कारण उसको चोटें आई। जतिन ने कहा कि आरोपियों के साथ ना तो कोई पुरानी रंजिश है। वहीं आरोपियों को पहले जानता नहीं था। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### आरोपियों ने मांगी रंगदारी, नहीं देने पर वारदात को अंजाम: भानू प्रकाश

नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भानू प्रकाश ने बताया कि उसके बेटे ने हालु बाजार में पाला राम हलवाई के नाम से दुकान की हुई है। उसका बेटा मक्का खाने के लिए हालु चौक पर गया। वहां कुछ लड़कों ने उससे रुपयों की डिमांड की। आरोपियों ने कहा यहां दुकान करते हैं तो कुछ सुविधा शुल्क देते हैं, फिरौती देते हैं। इसने मना कर दिया तो हाथापाई हो गई। इसके बाद आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। इसके बाद उसका बेटा दुकान पर आ गया। इसके बाद उसका बेटा पड़ोस की दुकान पर चला गया। जबकि आरोपियों ने अपने साथियों को बुला लिया। जो लाठी-डंडे लेकर आ गए। आरोपियों ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान हाथ, पीठ व मुंह आदि शरीर पर चोटें आई हैं। इससे दुकानदारों में भय का माहौल है। प्रशासन इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें।



**रेवाड़ी।** कसोला फ्लाईओवर पर जलती कार। फोटो: हरिभूमि

**बावल: दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर हादसा**

# नीलगाय से टकराई कार में आग युवक ने कूदकर बचाई जान

**फायर ब्रिगेड ने करीब 20 मिनट में आग पर काबू पाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर बनीपुर चौक फ्लाईओवर के पास एक ब्रेजा कार में आग लग गई। कार में युवक ऑफिस मीटिंग के लिए गाजियाबाद से जयपुर जा रहा था कि फ्लाईओवर के पास अचानक कार के सामने नील गाय आ गई। नीलगाय को बचाने के प्रयास में बेलेंस बिड़गने पर कार कुछ दूरी पर जाकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे शाट सर्किट होने से आग लग गई। युवक ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने से कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मोहित कुमार ने बताया कि वह ऑफिस मीटिंग के लिए जयपुर जा रहा था। जब वह अल सुबह करीब 3 बजे दिल्ली-जयपुर हाइवे स्थित बनीपुर चौक फ्लाईओवर के पास पहुंचा तो उसकी ब्रेजा कार के आगे अचानक नीलगाय आकर टकरा गई, जिससे उसका बेलेंस बिगड़ गया और कार कुछ दूरी आगे चलकर डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद कार में आग लग गई। आग को देखकर युवक कार से तुरंत कूद गया तथा आग बुझाने का भी प्रयास किया, लेकिन आग ज्यादा फैल गई, जिसके बाद उसने 100 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बरीब 15 से 20 मिनट में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जलकर राख हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# फतेहाबाद: मेडिकल संचालक के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**30 सितंबर 2023 को मामला दर्ज किया गया था**

शहर के एक मेडिकल संचालक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या करने के एक मामले में सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल की अदालत ने हत्या के दोषी हर्ष सोनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला वर्ष 2023 का है। पीड़ित रामलाल पुत्र कृष्णलाल निवासी रामनिवास मोहल्ला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसका 26 वर्षीय लड़का यश फतेहाबाद की भाटिया कॉलोनी में कान्हा मेडिकल हाल नाम से दवाइयों की दुकान चलाता था। 30 सितंबर 2023 को दोपहर लगभग 3 बजे यश पैदल घर लौट रहा था, तभी आरोपी हर्ष सोनी स्कूटी पर आया और बीच सडक़ यश को रोककर उसके साथ हाथापाई करने लगा। आरोपी ने चाकू से यश की छाती में वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1 अक्टूबर 2023 को आरोपी हर्ष सोनी को गिरफ्तार किया।

### हत्या करने वाले को 10 साल की सजा

**नारनौल।** गैर इरादतन हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी को 10 साल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने जून 2020 में महेंद्रगढ़ में हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी कुलदीप वासी सोहली झुंझुनू राजस्थान को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी कुलदीप को गैर इरादतन हत्या के मामले में धारा 304 (I) आईपीसी के तहत 10 वर्ष कठोर कारावास व आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा दी है। इसके अतिरिक्त दोषी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, जिसे न भरने पर उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला महेंद्रगढ़ थाने में जून 2020 में बिजेन्द्र वासी गांव दुलोठ अहीर की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

# पानीपत: स्कूल में दलिया खाने से 13 छात्राएं बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव जलमाना स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका स्कूल के हॉस्टल में निवास कर रही 13 छात्राओं की दलिया खाने से तबीयत बिगड़ गई। दलिया खाने के बाद सभी छात्राओं को प्रार्थना सभा में पेट में दर्द शुरू हो गया। दर्द तेज होने पर छात्राओं को चक्कर आने शुरू हो गए और वे नीचे गिर पडी। इधर, स्कूल प्रशासन ने छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांव बापौली ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्राओं को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।



**पानीपत।** सिविल अस्पताल में उपचाराधीन छात्राएं।

### बहानेबाजी कर रही है छात्राएं: स्कूल वार्डन

इन छात्राओं को दलिया पसंद नहीं था। इसलिए इन्होंने दो-दो चम्मच ही दलिया खाया और मुझे चकमा देकर खेलने चली गई थी। खाली पेट बाहर धूप में खेलने की वजह छात्राओं को चक्कर आए हैं। ये छात्राएं घर से दूर हॉस्टल में रहती है। सभी घर जाने के लिए ऐसा कर रही हैं।

**दलिया के सैंपल लिए:** सीएमओ डॉ. विजय मलिक ने बताया कि सिविल अस्पताल में कस्तुरबा स्कूल की 13 छात्राओं को भर्ती किया गया है। इन्हें उल्टियां, पेट में दर्द, सिर में दर्द है। इनमें से एक बच्ची की तबीयत ज्यादा खराब थी। बाकी बच्चियां स्टेबल है। खाद्य विभाग की टीम ने स्कूल पहुंच कर दलिया का सैंपल लिया है। सैंपल रिपोर्ट आने पर आगे की जांच की जाएगी।

# पिकअप से 3.25 क्विंवटल पटाखे बरामद, आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



पूंडरी थाना पुलिस ने गांव जटहेड़ी से एक पिकअप से 3.25 क्विंवटल छोटे पटाखे सहित एक आरोपी काबू किया है। मामले में पूंडरी थाना पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूंडरी थाना में दी गई शिकायत में सिपाही विनोद ने बताया कि वह राकेश के साथ सरकारी गाड़ी में गश्त करता हुआ गांव जटहेड़ी में पहुंचा था। उसे यहां पर एक गुप्ता सूचना मिली कि पूंडरी के वार्ड नंबर 14 निवासी विक्की अपनी पिकअप गाड़ी में छोटे पटाखे गते की पेटियों में डालकर पाई की तरफ से पूंडरी की तरफ कहीं बेचने के लिए आ रहा है। यदि तुरंत रेड की जाए तो विक्की को पटाखों सहित काबू किया जा सकता है।

# अपहरण कर व्यक्ति को बेरहमी से पीटा

**किन्नू तोड़ने पर हुआ था विवाद, लौटते समय दिया वारदात को अंजाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव थुआ में रंजिशन कार सवार लोगों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया और बेरहमी से पिटाई की। जिसकी वीडियो भी बनाई गई। बाद में आरोपित व्यक्ति को गांव कहसून के निकट फैंक कर फरार हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ अपहरण, मारपीट करने, बंधक बनाने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है। गांव थुआ निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 13 नवंबर को उसने गांव के ही कृष्ण के बेटे को खेत से किन्नू तोड़ते पकड़ लिया था। जिसके बाद वह कृष्ण के घर उल्हाना देने गया था। जहां पर कृष्ण परिवार ने उसके साथ झगड़ा किया। बाद में दोनों पक्षों ने शिकायत पुलिस को दी थी।

**होगा फायदा** इस बार 15 से 20 मन तक धान उत्पादन में कमी आई

# बासमती धान के उत्पादन में कमी व विदेशों से डिमांड आने के चलते 10 दिन में 15 फीसदी तक बढ़े भाव

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

विदेशों में बासमती की डिमांड आने की संभावना और बेमौसमी बारिश से बासमती धान के उत्पादन में आई कमी के चलते पिछले 10 दिनों में बासमती के दामों में 10 से 15 फीसदी तक वृद्धि हो गई है। 10 दिन पूर्व बासमती की 1121 वैरायटी के भाव 3000-3200 रुपये प्रति क्विंटल के करीब चल रहे थे, जिसके दामों में अब 600 रुपये की वृद्धि हो गई है। सोमवार को इसके दाम 3800 के रेट को भी पार कर गए। ऐसे ही मुच्छल किस्म के दाम जो पहले 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल चल रहे थे, के भाव भी 15 प्रतिशत बढ़ गए हैं। अब मुच्छल के भाव 3800 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। ऐसे ही बासमती की अन्य किस्मों के दाम भी धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। इस बार मानसून की बरसात देर तक चलती रही। इसके कारण धान की फसल खासकर पछेती फसल को इसका काफी नुकसान पहुंचा। दरअसल, अक्टूबर मास तक बारिश का दौर चलता था। यही समय होता है जब बासमती की विभिन्न प्रकार की किस्में पकने को तैयार होती है। मण्डियों में सबसे पहले 1509 किस्म का धान आता है। इस बार टोहाना, जाखल, रतिया, फतेहाबाद में हजारों एकड़ धान की फसल पानी में डूब गई थी। इसे सूखने में काफी समय लगा। धान उत्पादक किसान व कृषि विशेषज्ञ तभी से मानने लगे थे कि इस बार बासमती किस्म के धान के उत्पादन में कमी आएगी। मण्डियों में धान आया तो औसत अंदाजा भी लगाया गया कि इस बार 15 से 20 मन तक धान उत्पादन में कमी आई है। यही हाल पूरे प्रदेश में था बल्कि यूं कहें कि धान उत्पादक प्रत्येक राज्य में इस बार बासमती धान के उत्पादन में कमी आई है। पिछले मास जब धान मण्डियों में आना शुरू हुआ तो इसके शुरूआती दाम 2600 से 2800 रुपये प्रति क्विंटल के बीच चल रहे थे। अक्टूबर मास के मुकाबले धान की सभी किस्मों में 300 से 500 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी आई है। बता दें कि विदेशों में खासकर अरब देशों में बासमती के दामों में तेजी आने से किसानों और व्यापारियों की बांछे खिल उठी है।



**फतेहाबाद।** चावल एक्सपोर्टर जिंदल इंडस्ट्रीज। फोटो: हरिभूमि

| किस्म | 10 दिन पहले | आज के दाम |
|---|---|---|
| 1121 | 3200 | 3965 |
| 1885 | 3100 | 3700 |
| 1718 | 3100 | 3320 |
| 1509 | 2800 | 3265 |
| 1847 | 2900 | 3095 |

### अभी और बढ़ेंगे दाम

फतेहाबाद के बड़े राइस एक्सपोर्टर अजय जिंदल के अनुसार इस बार भारतीय बाजार में बासमती किस्म के धान के उत्पादन में काफी कमी है वहीं दूसरी ओर विदेशों से बासमती की डिमांड निकली हुई है। यही कारण है कि बासमती किस्म के धान के रेटों में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि इन रेटों में अभी ओर इजाफा होगा।

### खाड़ी देशों में डिमांड बढ़ने से दाम बढ़े

सरकार परमल धान की खरीद करती है। परमल धान की खरीद 15 नवम्बर तक पूरी हो गई है। बासमती किस्म के धान की खरीद निजी खरीदार करते हैं। इस बार बासमती के दाम बीते वर्ष से काफी तेज है। यह भाव पूरी तरह इंटरनेशनल मार्किट पर निर्भर रहते हैं। एक्सपोर्ट खुलने व खाड़ी देशों में डिमांड आने के बाद यहां बासमती के दामों में तेजी आना स्वाभाविक है। -**विनीत जैन**, डीएफएससी




